# वरुण माहेश्वरी बने रोटरी क्लब ऑफ अमरोहा रॉयल्स के अध्यक्ष

## रोटरी क्लब ने सरस्वती शिशु मंदिर अमरोहा को भेंट की 60 कुर्सियाँ

**खास बात**

- वरुण माहेश्वरी ने क्लब को ऊंचाइयों पर ले जाने का लिया संकल्प
- रोटरी क्लब में रोटे० रिभु माहेश्वरी को मिली सचिव की जिम्मेदारी





आर्यावर्त केसरी ब्यूरो

**अमरोहा।** रीगल 77 में रोटरी क्लब ऑफ अमरोहा रॉयल्स के षष्ठम नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोटे वरूण माहेश्वरी व नवनिर्वाचित सचिव रोटे रिभु माहेश्वरी का अधिष्ठापन समारोह मुरादाबाद से पधारे डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सीए रोटे० नितिन अग्रवाल, हसनपुर से पधारे आरसी रोटे अर्पण गुप्ता व एडीजी रोटे डॉ० सरल राघव रोटरी क्लब ऑफ अमरोहा की फाउंडर सदस्य व इनरव्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट 310 की एसोसिएशन ट्रेसरार रोटे प्रिया टंडन की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर गणपति आह्वान व करतल ध्वनि की गूंज के साथ संपन्न हुआ।

अधिष्ठापन समारोह से पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वारा आधिकारिक मीटिंग की गई व विभिन्न रोटरी प्रोजेक्टों जैसे विभिन्न स्कूलों में ईन्ट्रैक्ट क्लबों की स्थापना रोटरी फाउंडेशन में सहयोग टीबी से मुक्त करने के लिए ग्रामों का अधिग्रहण प्लास्टिक मुक्त वातावरण के लिए अभियान कैंसर के लिए विभिन्न माध्यमों से जागरूकता अभियान सदस्यता में वृद्धि व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श किया गया।

सभी सदस्यों की सपरिवार उपस्थिति में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष वरूण माहेश्वरी को अध्यक्षीय कॉलर पहनाकर व नवनिर्वाचित संरक्षक रोटे कपिल शर्मा, सचिव रोटे रिभु माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष रोटे सौरभ गुप्ता, सार्जेंट एट आर्मस रोटे हर्ष माहेश्वरी व अन्य सभी कार्यकारिणी सदस्यों को रोटरी पिन पहनाकर पद व गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

रोटरी प्रोजेक्ट के रूप में सरस्वती शिशु मंदिर अमरोहा के प्राचार्य नरेंद्र सिंह व प्रबंधक सरदार सुरेंद्र सिंह को बच्चों की 60 उत्तम क्वालिटी की कुर्सियाँ भेंट की गई व भविष्य में बच्चों के लिए कम्प्यूटर रूम व प्ले रूम की पूर्ण सज्जा व फर्नीचर भेंट करने का आश्वासन दिया गया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष वरूण माहेश्वरी ने रोटरी उद्देश्यों की पूर्ति के साथ समाज सेवा के कार्य रोटरी इमेज में वृद्धि व सभी सदस्यों के सहयोग व मार्गदर्शन की अपेक्षा के साथ क्लब को ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया। विशाल टंडन द्वारा रोपे गये रोटरी रायल्स रूपी पौधे को पूर्ण निष्ठा व समर्पण से सिंचित करने का संकल्प लिया।

इस दौरान रोटे राजीव गोयल, रोटे मनोज गेरा, रोटे नमन जैन, नमन गोयल, सौरभ गोयल, अनुराग माहेश्वरी, रोटे कपिल वर्मा, रोटे सुनीत अग्रवाल, रोटे रिशांक रस्तोगी, दिवेश चन्द्र बाहेती, राजीव लोचन, अनिल रायपुरिया, कुंवर विनीत अग्रवाल, मनु कमल, राहुल लड्ढा, नीरज माहेश्वरी,

## इन कार्यकारिणी सदस्यों ने ग्रहण की शपथ

अमरोहा। रोटरी क्लब ऑफ अमरोहा रॉयल्स की कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में रोटे प्रिया टंडन, रोटे डॉ० पंकज बादल, कपिल शर्मा, रोटे० पंकज गुप्ता, रोटे संजीव माहेश्वरी, रोटे अंकित बंसल, रोटे सौरभ जैन, रोटे हर्ष माहेश्वरी, रोटे मनोज अग्रवाल, रोटे नवीन कालरा, रोटे सुमित सरन, रोटे अर्पित माहेश्वरी, रोटे शोभित गुप्ता ने शपथ ग्रहण की।

## रोटरी क्लब में ये नये सदस्य हुए शामिल

अमरोहा। नये सदस्यों के रूप में तरुण अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, आशीष माहेश्वरी, उत्कर्ष माहेश्वरी, गौरव माहेश्वरी, रितेश खंडेलवाल, विशाल चांदना ने शपथ ग्रहण की व आपका सपरिवार हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया गया।